प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 01.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरबीआई के 90 वर्ष पर आयोजित समारोह में कहा–नीयत सही तो मिलते हैं सही नतीजे,नवाचार क्षेत्र के लिए नीतियां बनाने पर दिया बल।

2- केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने भ्रामक खबरों का किया खंडन– कहा –आज से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में कर प्रणाली में कोई नया बदलाव नहीं ।

3- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मैस्कट आई भाई का किया लोकार्पण, मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी को लेकर राज्य में कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित ।

4- यूपी में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवानों ने एक स्वर्ण समेत पांच पदक पर जमाया कब्जा।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है ताकि देश पर वैश्विक कारकों का ज्यादा प्रभाव न पड़े। मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के स्मृति समारोह में अपने संबोधन में प्रधान मंत्री ने कहा कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र का परिवर्तन एक केस स्टडी है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा उठाए गए कदमों के कारण बैंकिंग क्षेत्र लाभदायक हो गया है और ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने कहा, आरबीआई दुनिया में अपनी व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि नीयत सही हो तो नतीजे सही मिलते हैं।
श्री मोदी ने नवाचार के क्षेत्र में प्रोत्साहन के लिए नीतियां बनाने पर बल दिया।
कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड और पंकज चौधरी और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास भी शामिल हुए.

**********************

केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि आज से शुरू होने वाले वित्त वर्ष में कर प्रणाली में कोई नया बदलाव नहीं किया जा रहा है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर नई कर व्यवस्था के संबंध में दी जा रही सूचनाओं को भ्रामक बताते हुए इनका खंडन किया है। मंत्रालय ने कहा है कि नई कर व्यवस्था मुख्य रूप से व्यक्तिगत करदाताओं पर लागू होती है। यह वित्त वर्ष 2023–24 से डिफ़ॉल्ट व्यवस्था के रूप में लागू है।

**********************

सुप्रीम कोर्ट में आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एसएलपी पर सुनवाई होगी। विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करने के हाई कोर्ट के फैसले को हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जिसकी सुनवाई के लिए मामला जस्टिस सूर्यकांत द्विवेदी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अदालत में सूचीबद्ध किया गया है।

**********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रिंस खान के कथित वायरल ऑडियो की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। विधायक सरयू राय के धनबाद लोकसभा क्षेत्र से बतौर उम्मीदवार खड़े होने की बात पर ऑडियो में धमकी दिए जाने के मामले पर उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।बाबूलाल मरांडी ने इसे धनबाद में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के विरुद्ध साजिश बताया। श्री मरांडी कल सरायकेला में जिला कार्यालय में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता बैठक में शामिल होने पहुंचे थे, इस मौके पर उनके साथ सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा भी मौजूद थे, पत्रकारों के साथ वार्ता के दौरान बाबूलाल मरांडी ने ये बातें कहीं

**********************

हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ जिले में आगामी लोकसभा चुनाव संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है। इसे लेकर विभिन्न कोषांगों का गठन कर उन्हें क्रियाशील कर दिया गया है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज इलेक्शन मैस्कट आई भाई का लोकार्पण किया। रांची स्थित निर्वाचन सदन में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अन्य प्रसार सामग्रियों का भी लोकार्पण किया गया।

**********************

संक्षिप्त खबरें

- पलामू में पुलिस ने देशी कट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को यह सफलता मिली है।
- दुमका जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र के चोरखेदा गांव से साइबर ठगी के मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।
- सरायकेला खरसावां जिले के सरायकेला और खरसावां प्रखंड अंतर्गत ओड़िआ बहुल क्षेत्र में आज उत्कल दिवस मनाया गया।

**********************

जमशेदपुर वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी ने कहा है कि कदमा और सोनारी में कहीं भी तेंदुए के रहने का कोई निशान अब तक नहीं मिला है। कहीं भी कोई पग मार्ग नहीं पाया गया है। उन्होंने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व से आए वेटनरी डॉक्टर सुनील कुमार और वर्ल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया से आए वन्य जीव विशेषज्ञ शहजाद इकबाल अभी कुछ दिन तक जमशेदपुर में रहेंगे, और वन विभाग पूरी तरह अलर्ट रहेगा। उन्होंने लोगों से किसी भी तरह की अफवाह से बचने और सजग रहने की सलाह दी है। साथ ही कहा कि कहीं भी जंगली जानवर को देखे जाने की सूचना मिलती है, तो वन प्रमंडल पदाधिकारी जमशेदपुर को, वन क्षेत्र पदाधिकारी मानगो और जमशेदपुर वन प्रमंडल कार्यालय हेल्पलाइन को फोन कर संपर्क कर सकते हैं।। इधर गुरुवार की रात वीडियो वायरल होने के बाद से बंद बायोडायवर्सिटी पार्क को आज से खोल दिया गया ।

**********************

नोएडा में संपन्न अंडर 15 और 20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवानों ने एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदकों पर कब्जा जमाया। झारखंड के अनुप कुमार ने 38 किलो वर्ग में स्वर्ण, करण कुमार ने 48 किलो वर्ग में रजत, हिमांशु कुमार ने 44 केजी वर्ग में कांस्य, अमित गोप ने 82 केजी वर्ग में कांस्य व प्राची कुजूर ने 42 केजी वर्ग में कांस्य पदक जीता।

**********************

आईपीएल क्रिकेट में आज मुम्बई के वानखेडे स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने कल शाम विशाखापत्तनम में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रनों से हरा दिया था। इससे पहले अहमदाबाद में खेले गए मैच में गुजरात टाइटन्सि ने सन राइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हरा दिया।

*******समाप्त*******